

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

बुधवार 6 मई 2026 बर्ष 02 अंक 119 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com

**अनमोल वचन**

*हारने का डर छोड़ दो,जीत अपने आप आ जाएगी। जो खुद पर भरोसा रखता है,वही ज़िंदगी में कमाल करता है।*

## राजगीर में मलमास मेला 2026 की तैयारियां तेज, डीएम-एसपी ने की समीक्षा

## सुविधाएं और भीड़ प्रबंधन के साथ प्रशासन की जोरदार तैयारी

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक मलमास मेला 2026 की तैयारियां तेज हो गई हैं। सोमवार को आरआईसीसी, राजगीर में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में बताया गया कि मलमास मेला का आयोजन 17 मई से 15 जून 2026 तक राजगीर में किया जाएगा। इस दौरान देश–विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु ब्रह्म कुंड में आस्था की डुबकी लगाने पहुंचते हैं, जिसे देखते हुए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं।



**सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन पर विशेष जोर**

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और यातायात प्रबंधन को प्राथमिकता दी गई है। मेला क्षेत्र में दंडाधिकारियों, पुलिस बल, महिला पुलिस और स्वयंसेवकों की तैनाती की जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन के जरिए निगरानी रखी जाएगी, जबकि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर होगी।

**सुविधाओं का व्यापक इंतजाम**

मेला के दौरान स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं, शौचालय, चेंजिंग रूम, शरण स्थली, हेल्प डेस्क और नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस, मेडिकल कैंप, डॉक्टर और जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है।

**यातायात और आवागमन की व्यवस्था**

यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए वैकल्पिक मार्गों का निर्धारण किया जाएगा और पार्किंग स्थलों को चिन्हित किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित शुल्क पर बस और ई–रिक्शा की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही ट्रैफिक चेक पोस्ट और बैरिकेडिंग की व्यवस्था भी की जाएगी।

**खानपान और ठहरने की सुविधा**

श्रद्धालुओं के लिए कैंटीन, दीदी की रसोई और सस्ती रोटी काउंटर की व्यवस्था होगी। इसके अलावा विभिन्न स्थानों–रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, ब्रह्म कुंड घाट, मेला थाना, गढ़ महादेव, वैतरणी और पीएचईडी कैंपस–पर वाटरप्रूफ टेंट सिटी (यात्री शेड) बनाए जाएंगे।

**खोया–पाया केंद्र और डिजिटल सुविधा**

मेला में खोए हुए लोगों को उनके परिजनों से मिलाने के लिए सूचना केंद्र स्थापित किए जाएंगे। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एआई काउंटर, मोबाइल ऐप और वेबसाइट की व्यवस्था भी की जाएगी।

**घाटों की सफाई और सुरक्षा पर निर्देश**

जिला पदाधिकारी ने ब्रह्म कुंड की अविरल जलधारा को बनाए रखने के लिए विशेष निगरानी के निर्देश दिए। वैतरणी घाट की सफाई, मरम्मत और सौंदर्यीकरण कार्य को हर हाल में पूरा करने को कहा गया। शाही स्नान के दौरान भीड़ नियंत्रण और प्रवेश–निकास द्वारों पर विशेष चौकसी के निर्देश भी दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता (राजस्व), अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।मलमास मेला 2026 को लेकर प्रशासन की तैयारियां जोरों पर हैं, जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक माहौल मिल सके।





## नालंदा के दीपक कुमार को मिलेगा 'नेशनल यूथ लीडरशिप अवॉर्ड 2026

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड स्थित सद्भावनानगर के रहने वाले समाजसेवी दीपक कुमार को राष्ट्रीय एकता, शांति और सद्भावना के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सराहनीय कार्य करने के उपलक्ष्य में उनके अद्भुत नेतृत्व क्षमता को देखते हुए देश की राजधानी नईदिल्ली स्थित विश्व युवक केंद्र में 11 मई को प्रोजेक्ट प्वाइंट ओडिशा, ग्लोबल यूथ पीस कमेटी एवं विश्व युवक केंद्र के सहयोग से आयोजित नेशनल यूथ लीडरशिप प्रोग्राम के दौरान देश का प्रतिष्ठित सम्मान नेशनल यूथ लीडरशीप अवॉर्ड 2026 से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। यह अवार्ड देश भर के चयनित चुनिंदा समर्पित युवाओं को ही दिया जायेगा। उन्हें यह सम्मान भारत सरकार के जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओरांव, भारत में श्री लंका के उच्चायुक्त महिष्णी कोलानी, प्रोजेक्ट प्वाइंट के चेयरमैन डॉ. संग्राम केशरी सामंतराय, विश्व युवक केंद्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदय शंकर सिंह सहित गणमान्य अतिथियों के हाथों यह सम्मान मिलेगा।


दीपक कुमार पिछले 15 वर्षों से सामाजिक कार्य में लगे हुए हैं। देश के महानतम गांधीवादी विचारक रहे डॉ. एसएन सुब्बाराव के सानिध्य में रहकर सम्पूर्ण देश में राष्ट्रीय एकता एवं शांति सद्भावना युवा शिविर आयोजित करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। सामाजिक मुद्दों को लेकर सम्पूर्ण बिहार में सद्भावना साइकिल यात्रा, जल जीवन हरियाली विषय पर संपूर्ण बिहार में जागरूकता कार्यक्रम कर चुके है। साथ ही इसके अलावे बाल अधिकार, दलित अधिकार, कन्या भ्रूण हत्या, मानवाधिकार, युवाओं को सामाजिक दीपक कुमार आज युवाओं के बीच प्रेरणा स्त्रोत बनकर उभरे हैं। घोर आर्थिक युग में भी सादगीपूर्ण जीवन शैली को अपनाकर कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी दीपक ने सामाजिक कार्य को जारी रखा। दीपक को पहले भी नेशनल एकता यूथ अवार्ड 2024 आचार्यकुल द्वारा सारस्वत सम्मान, प्रख्यात बॉलीवुड अभिनेता जावेद खान के हाथों ग्लोबल अचीवमेंट अवार्ड, जल जीवन हरियाली, पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में नालंदा जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह द्वारा 2019 में सम्मान मिल चुका है।

## दीपनगर के विजवनपर में 9 दिवसीय श्री राम कथा का भव्य समापन, विशाल भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट बिहार शरीर्फ (नालंदा)।** दीपनगर थाना क्षेत्र के विजवनपर गांव में 26 अप्रैल से शुरू हुआ 9 दिवसीय श्री राम कथा महोत्सव मंगलवार को भक्ति और उल्लास के माहौल में भव्य रूप से संपन्न हो गया। इस धार्मिक आयोजन में दूर–दूर से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन भाग लिया और कथा का रसपान किया। कथा वाचन कर रहे 14 वर्षीय बृजवासी धीरेंद्र शास्त्री ने अपने प्रेरणादायी प्रवचनों में भगवान श्रीराम के आदर्श, मर्यादा, त्याग और भक्ति भाव का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने कहा कि "राम नाम ही जीवन का सच्चा आधार है और सनातन संस्कृति सम्पूर्ण विश्व के कल्याण का मार्ग दिखाती है।" उनके ओजस्वी वचनों से पूरा कथा पंडाल प्रतिदिन "जय सियाराम" के जयकारों से गूंजता रहा। समापन के दिन सुबह विधिवत हवन–पूजन और श्रीराम की आरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का उद्घाटन महापौर प्रतिनिधि अमित कुमार, वार्ड पार्षद पप्पू यादव, संजय यादव, दिलीप यादव, चंदन यादव, अली अहमद, राकेश गुप्ता, मिथिलेश कुमार, समाजसेवी दिग्विजय नारायण सिंह उर्फ तन्नू सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।



दिनभर चले इस भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजन स्थल पर सेवा, सहयोग और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। समापन के अवसर पर समिति के सदस्य विजय सिंह, नीतिश सिंह, राजबल्लभ सिंह, चन्द्रमौली कुमार, रामकृष्णा सिंह, अभिषेक सिंह, रजनीश यादव सहित सभी कार्यकर्ताओं ने उपस्थित श्रद्धालुओं और सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। पूरे आयोजन ने क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया और लोगों को भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया।



# धमासंग गांव में आंधी-बारिश का कहर – घर पर गिरा तार का पेड़, मकान क्षतिग्रस्त, एक घायल

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट रहुई (नालंदा)।** रहुई प्रखंड के धमासंग गांव में सोमवार की शाम अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी के साथ भारी बारिश शुरू हो गई। इस दौरान गांव में अफरा–तफरी का माहौल बन गया। तेज हवा के कारण घर के पास खड़ा एक बड़ा तार का पेड़ जड़ से उखड़कर सीधे एक मकान पर गिर पड़ा, जिससे घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित सुरेश पासवान ने बताया कि शाम के समय अचानक तेज हवा और बारिश शुरू हुई। कुछ ही देर में तेज झोंकों के कारण पास का पेड़ गिरकर उनके घर पर आ गिरा। पेड़ गिरने से घर की छत और दीवारों को भारी नुकसान पहुंचा, जिससे मकान रहने लायक नहीं रहा। उन्होंने बताया कि इस घटना में घर के अंदर मौजूद एक व्यक्ति को हल्की चोटें आई हैं, जिसका इलाज नजदीकी अस्पताल में कराया जा रहा है। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। स्थानीय लोगों की मदद से पेड़ को हटाने का प्रयास किया गया। इस प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को काफी आर्थिक क्षति हुई है। सुरेश पासवान के अनुसार, इस हादसे में करीब एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है, जिससे उनका परिवार काफी परेशान





है।पीड़ित ने प्रशासन से सहायता की मांग करते हुए अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन सौंपा है, जिसमें उन्होंने घर के नुकसान और इलाज के खर्च के लिए उचित मुआवजे की मांग की है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से अपील की है कि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे अपने घर की मरम्मत कर फिर से सामान्य जीवन जी सकें।

# सिलाव टीपीडीएस गोदाम में गड़बड़ी का खुलासा सहायक प्रबंधक व परिवहन एजेंट पर एफआईआर


**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट सिलाव (नालंदा)।** नालंदा जिले के सिलाव स्थित टीपीडीएस गोदाम में कथित अनियमितता का मामला सामने आया है। व्हाट्सएप पर वायरल एक वीडियो के आधार पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गोदाम को सील कर दिया है तथा संबंधित सहायक प्रबंधक और परिवहन अभिकर्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनुमंडलीय अनुश्रवण समिति, राजगीर के व्हाट्सएप ग्रुप में साझा किए गए एक वीडियो में आरोप लगाया गया था कि "एकता शक्ति फाउंडेशन, सिलाव" के नाम पर ऑनलाइन आरटी चालान जनरेट कर खाद्यान्न भेजने की प्रक्रिया दिखाई गई, जबकि हकीकत में डीएसडी वाहन खाली ही मौके पर पहुंचा। मामले की जांच में जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, नालंदा द्वारा ऑनलाइन ट्रैकिंग का अवलोकन किया गया। जांच में पाया गया कि शिवानी कुमारी, डोर स्टेप डिलीवरी अभिकर्ता के वाहन (BR09R–5084) से 10 हजार किलोग्राम खाद्यान्न (200 बोरा) का चालान जनरेट किया गया था, लेकिन वाहन बिना खाद्यान्न के ही भेजा गया। इस संबंध में सहायक प्रबंधक ब्यूटी कुमारी ने इसे भूलवश चालान जारी होना बताया, लेकिन जांच में यह स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाया गया। अधिकारियों के अनुसार, चालान जारी करने की प्रक्रिया में कई चरणों में मैन्युअल प्रविष्टि होती है, जिससे यह मात्र त्रुटि प्रतीत नहीं होती।प्रथम दृष्टया मामले में मिलीभगत कर खाद्यान्न की कालाबाजारी की आशंका जताई गई है। इसके बाद प्रशासन ने 30 अप्रैल को टीपीडीएस गोदाम, सिलाव को सील कर दिया। वहीं, 1 मई को सिलाव थाना में कांड संख्या 85/26 के तहत सहायक प्रबंधक ब्यूटी कुमारी एवं डीएसडी परिवहन अभिकर्ता शिवानी कुमारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने गोदाम का सील खोलकर इन्वेंट्री तैयार करने के लिए अंचलाधिकारी, सिलाव को दंडाधिकारी के रूप में नियुक्त किया है। उनके सहयोग के लिए अपर जिला प्रबंधक (टीपीडीएस) पिंकू कुमार झा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही, सहायक प्रबंधक स्मिता कुमारी को निर्देश दिया गया है कि वे डीलरों को खाद्यान्न आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए गोदाम का प्रभार ग्रहण करें और इसकी रिपोर्ट राज्य खाद्य निगम कार्यालय को सौंपें। प्रशासन की इस कार्रवाई को सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने की दिशा में सख्त कदम माना जा रहा है।

# छबीलापुर विद्यालय में विश्व हाथ धुलाई दिवस पर विशेष चेतना सत्र आयोजित

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** आर.जी.एल. उच्च विद्यालय, छबीलापुर में विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर मंगलवार को एक विशेष चेतना सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के बीच स्वच्छता और साफ–सफाई को लेकर खासा उत्साह देखा गया। मेंटोर शिक्षक अजय कुमार ने बच्चों को हाथ धुलाई के महत्व पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन की पहली शर्त है। इस अवसर पर उन्होंने महान दार्शनिक कार्ल मार्क्स के जन्मदिवस पर उनके जीवन एवं विचारों पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। साथ ही, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना प्रितिलता वद्देदार के साहस और योगदान की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी गई। सामान्य ज्ञान सत्र के अंतर्गत गंगा नदी, टाल क्षेत्र तथा पश्चिमी चंपारण में बहने वाली छोटी नदियों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा की गईं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संगीत शिक्षिका राखी कुमारी द्वारा हारमोनियम पर प्रस्तुत प्रार्थना "इतनी शक्ति हमें देना दाता", राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रगान रहा, जिससे विद्यालय का वातावरण पूरी तरह देशभक्ति और आध्यात्मिकता से सराबोर हो गया। इस दौरान शिक्षक शंकर कुमार ने विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया। प्रभारी प्रधानाध्यापक आेंकार देव आर्य, वरिष्ठ शिक्षक कुंज बिहारी कुंजेश एवं संजीत कुमार ने बच्चों के



यूनिफॉर्म, नाखून और हेयर स्टाइल की जांच की। वहीं, शिक्षक अशोक कुमार ने स्काउट–गाइड से संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स देकर कार्यक्रम को और उपयोगी बनाया।कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्पना, रेखा, सीमा कुमारी, सोनल, साक्षी राणा, अजय, राकेश कुमार, रौशन कुमार सिंह, लाइब्रेरियन मोहम्मद आफताब आलम, हिंदी शिक्षक अजय कुमार, लिपिक धीरज कुमार, शिशुपाल पांडे और सुशील सिंह सहित सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं की सक्रिय भागीदारी रही। चेतना सत्र का आयोजन विद्यालय में अनुशासन, ज्ञान और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।




सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया
समाधान समारोह, 2026
(सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया में स्पेशल लोक अदालत)
"पार्टिसिपेटिव जस्टिस" और "डोरस्टेप डिलीवरी ऑफ जस्टिस" के विज़न को आगे बढ़ाने के लिए, सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया 21 अप्रैल, 2026 से "सुप्रीम कोर्ट एक्शन फॉर मीडिएटेड एडज्यूडिकेशन एंड डिस्प्यूट्स हार्मोनाइज़ेशन अक्रॉस नेशन" समाधान समारोह आयोजित कर रहा है, जो 21, 22 और 23 अगस्त, 2026 को एक स्पेशल लोक अदालत के आयोजन के साथ खत्म होगा।
इस स्पेशल लोक अदालत का मकसद सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया के सामने पेंडिंग मामलों का सहमति-आधारित रिज़ॉल्यूशन मैकेनिज़्म के ज़रिए आपसी सहमति से निपटारा करना है।
भाग लेने के लिए इनविटेशन
सभी वकीलों, लिटिगेंट्स और स्टेकहोल्डर्स से रिक्वेस्ट है कि वे इस पहल के तहत विवादों के असरदार समाधान में एक्टिव रूप से भाग लें और योगदान दें। पार्टियां अपने झगड़ों को सुलझाने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर फिजिकली या वर्चुअली दोनों तरह से आ सकती हैं।
अप्लाई कैसे करें
पार्टियां और उनके वकील दिए गए Google फ़ॉर्म को भरकर अपनी रिक्वेस्ट सबमिट कर सकते हैं:
[Google फ़ॉर्म लिंक: https://forms.gle/jqxefqF4BCWzukoP6]
यह Google फ़ॉर्म https://www.sci.gov.in/ पर भी उपलब्ध है।
सभी तरह की मदद/जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें :
वन स्टॉप सेंटर (वॉर रूम) समाधान समारोह (स्पेशल लोक अदालत) के इंचार्ज का संपर्क नंबर: 011-23112428, 011-23112528
वन स्टॉप सेंटर (वॉर रूम) लैंडलाइन नंबर: 011-23116464 | डायरेक्टर, C.R.P. का संपर्क नंबर: 011-23115652
विशेष जानकारी के लिए संपर्क करें, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नालंदा 7070092426

अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120
9931609015

# नालंदा में पेट्रोल–डीजल और रसोई गैस की कमी की अफवाह बेबुनियाद, प्रशासन ने कहा–पर्याप्त स्टॉक, घबराने की जरूरत नहीं



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले में पेट्रोल–डीजल और रसोई गैस की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि जिले में किसी प्रकार की कमी नहीं है। इस संबंध में मंगलवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में तेल विपणन कंपनियों के सेल्स ऑफिसरों एवं वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जिले के सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं और पेट्रोल–डीजल की आपूर्ति मांग के अनुरूप लगातार की जा रही है। किसी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है।

**अतिरिक्त स्टॉक रखने का निर्देश**

जिला पदाधिकारी ने तेल कंपनियों को निर्देश दिया कि पेट्रोल–डीजल की आपूर्ति सुचारु बनाए रखते हुए पंपों पर 5 से 10 प्रतिशत अतिरिक्त स्टॉक सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की बाधा आने पर तुरंत वरीय अधिकारियों से समन्वय कर समस्या का समाधान किया जाए, ताकि विधि–व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो।

**एलपीजी की भी पर्याप्त उपलब्धता**

जिला प्रशासन के अनुसार जिले में 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 8500 घरेलू एलपीजी सिलिंडर की आपूर्ति की जा रही है। उपभोक्ताओं को बुकिंग के आधार पर नियमित रूप से गैस उपलब्ध कराई जा रही है।

**पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा**

जिले में एलपीजी पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से बिहारशरीफ, राजगीर और सिलाव में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) पाइपलाइन का विस्तार किया जा रहा है। कई वार्डों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा हो चुका है और उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। अब तक 1853 उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन दिया जा चुका है।

**संस्थानों को प्राथमिकता**

प्रशासन ने आवासीय विद्यालयों, छात्रावासों, सामुदायिक रसोई और आंगनवाड़ी केंद्रों को प्राथमिकता के आधार पर पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

**शिकायत के लिए कंट्रोल रूम सक्रिय**

एलपीजी से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम (टोल फ्री नंबररू 06112–233168) चालू किया गया है। उपभोक्ता यहां अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

**कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी**

जिला पदाधिकारी ने आम लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराएं नहीं। साथ ही, यदि कहीं पेट्रोल–डीजल या गैस सिलिंडर की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग की जानकारी मिले, तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में ईंधन और रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।



# खैरा गांव कांड पर उबाल – दिव्यांग को जिंदा

## जलाने की घटना के बाद एपीडब्ल्यूडी का दौरा, दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले के खैरा गांव में दिव्यांग युवक को जिंदा जलाकर मारने की सनसनीखेज घटना के बाद सामाजिक संगठनों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को Association of Persons with Disabilities (एपीडब्ल्यूडी) का एक प्रतिनिधिमंडल गांव पहुंचा और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर न्याय का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रवीण कुमार मिश्रा 'कवि जी' कर रहे थे। उनके साथ राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हृदय यादव, राष्ट्रीय सचिव सुगंध नारायण सिंह, प्रदेश आरटीआई प्रभारी मुकेश कुमार महतो, भ्रष्टाचार विरोधी मंच के प्रदेश अध्यक्ष बब्लू राजपूत, प्रदेश महिला अध्यक्ष अंजू कुमारी तथा प्रदेश सचिव गायत्री देवी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने दिव्यांग राजेश राय के परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी ली। परिजनों के अनुसार, पारिवारिक विवाद और संपत्ति हड़पने की नीयत से राजेश राय को जिंदा जला दिया गया। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने वरीय पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की। उन्होंने कहा कि इस तरह की क्रूर घटनाओं पर सख्त कार्रवाई ही समाज में कानून का भरोसा कायम रख सकती है। इस दौरान जिले के सैकड़ों दिव्यांगजन भी मौके पर मौजूद रहे। इनमें राजेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, कृष्ण मुरारी, नीतीश कुमार, रमेश कुमार और बैजनाथ कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया और प्रशासन से त्वरित व निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।


# नालंदा में पॉक्सो मामले में बड़ा फैसला – दोषी को 25 साल की सख्त सजा, कोर्ट का कड़ा संदेश

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले में पॉक्सो एक्ट से जुड़े एक गंभीर मामले में अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए दोषी को 25 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में नालंदा पुलिस द्वारा प्रस्तुत ठोस साक्ष्य और समय पर दाखिल चार्जशीट ने अहम भूमिका निभाई। जानकारी के अनुसार, माननीय एडीजे–04 न्यायालय, बिहारशरीफ ने हरनौत थाना कांड संख्या 170/24, धारा 376(3) भा. दं.वि. एवं 4(2) पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में आरोपी बरहन राम (पिता–सिंगेश्वर राम, निवासी–गोसाई बिगहा, थाना–हरनौत) को दोषी करार दिया। न्यायालय ने दोष सिद्ध होने के बाद अभियुक्त को 25 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में अतिरिक्त छह माह की सजा भुगतनी होगी। इस मामले में लोक अभियोजक जगत नारायण सिन्हा ने प्रभावी पैरवी की, जिसके आधार पर न्यायालय ने यह फैसला सुनाया। नालंदा पुलिस ने इसे न्याय व्यवस्था की बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में त्वरित अनुसंधान और मजबूत साक्ष्य प्रस्तुत कर पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए वह पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# NEET परीक्षा फर्जीवाड़ा गिरोह का पर्दाफाश, 7 आरोपी गिरफ्तार

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा पुलिस ने नीट परीक्षा में सॉल्वर बैठाने वाले संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। गिरोह के सरगना की निशानदेही पर चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में अब तक कुल सात अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस के अनुसार, 2–3 मई की रात पावापुरी थाना पुलिस द्वारा वाहन जांच के दौरान पावापुरी चौक से दो लग्जरी वाहन–स्कॉर्पियो–एन और ब्रेज़ा–से तीन मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया गया था। इनके खिलाफ गिरियक (पावापुरी) थाना कांड संख्या 217/26 दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।जांच के दौरान मुख्य आरोपी, विम्स मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस छात्र अवधेश कुमार के मोबाइल से अहम सुराग मिले। इसके आधार पर पुलिस ने औरंगाबाद, जमुई और मुजफ्फरपुर जिलों में छापेमारी कर चार अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में हर्षराज (सीतामढ़ी), मनोज कुमार, गौरव कुमार और सुभाष कुमार (तीनों मुजफ्फरपुर) शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे नीट परीक्षा में अपने स्थान पर "सॉल्वर" बैठाने की तैयारी में थे, लेकिन मुख्य सरगना की गिरफ्तारी के कारण योजना विफल हो गई। आरोपियों ने यह भी बताया कि परीक्षा पास कराने के लिए 50 से 60 लाख रुपये तक का सौदा तय किया गया था, जिसमें 1.5 से 2 लाख रुपये अग्रिम के रूप में दिए गए थे। इस पूरे नेटवर्क का संचालन उज्ज्वल राज उर्फ राजा बाबू, अवधेश कुमार और अमन कुमार सिंह द्वारा किया जा रहा था।गिरफ्तार चारों आरोपियों को 5 मई को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। वहीं, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इस कार्रवाई में अंचल निरीक्षक सुमंत कुमार, पावापुरी थाना प्रभारी गौरव कुमार सिंह, छबीलापुर थाना प्रभारी अनोज कुमार पाठक, कतरीसराय थाना के मुकुंद भारती और पावापुरी थाना के प्रमोद कुमार सिंह सहित पुलिस बल की अहम भूमिका रही। नालंदा पुलिस ने साफ किया है कि परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।



# मेला में संतों के रहने की होगी बेहतर व्यवस्था मलमास मेला की चल रही युद्धस्तर पर तैयारी

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** 17 मई से 15 जून तक चलने वाले ऐतिहासिक व पौराणिक मलमास मेला की तैयारी युद्धस्तर पर चल रही है। एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता ने मंगलवार को साधु–संत व महात्माओं के साथ एक बैठक की। संतों ने कहा कि पंडाल के साथ–साथ पेयजल, शौचालय की साफ सफाई एवं भंडारा के लिए गैस उपलब्ध कराने व्यवस्था होनी चाहिए। मलमास मेला के दौरान साधुओं को शाही स्नान को लेकर निर्धारित समय एवं संख्या उपलब्ध कराया गया। एसडीओ ने कहा कि मलमास पवित्र मेला है। कहा कि संतों के लिए जर्मन हैंगर पंडाल, पेयजल, शौचालय, साफ सफाई, चिकित्सा की पूरी तरह व्यवस्था की जाएगी। कहा कि मलमास मेले के दौरान तीन शाही स्नान हैं। संतों के निकलने वाली अलग–अलग से अखाड़ा को लेकर समय भी निर्धारित किया गया है जो सुबह आठ बजे से 9:30 बजे तक होगा। एसडीओ ने कहा कि इस बार मलमास मेले में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होगी। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में सभी संसाधनों की व्यवस्था पहले ही की जा रही है। उन्होंने स्थानीय लोगों से सभी व्यवस्थाओं में सहयोग करने की अपील की है। मलमास मेले के दौरान कुंड में स्नान करने से लेकर निकासी तक यात्रियों की सुरक्षा कि पुख्ता व्यवस्था की



जा रही है। सरस्वती नदी की सफाई, पानी की निकासी एवं कुंडो की रंगाई पुताई की जा रही है। राजगीर में जो भी मठ मंदिर हैं वहां तो साधु संत महात्मा रहेंगे ही, इसके अलावे 14 स्थानों पर जर्मन हैंगर लगाया जा रहा है, जहां आम लोगों के साथ–साथ साधु संत महात्मा भी रहेंगे। इसके अलावा सीसी. टीवी कैमरे, कूलर, पंखे, एसी पंडाल में लगाए जा रहे हैं। डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि मलमास के दौरान आने जाने वाले साधु संत महात्माओं की वाहनों की छूट दी जाएगी। उन्हें ड्रॉप गेट के पास से जाने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शाही स्नान के दौरान पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में रहेगी। मलमास के दौरान मेला क्षेत्र में मांस मछली पूर्णता बंद रखने की मांग की है। इस मौके पर सीओ अनुज कुमार, बीडीओ एजाज आलम, कार्यपालक दंडाधिकारी सुभद्रा सहित अन्य शामिल थे।

# मुरौरा पंचायत में जनगणना कार्य का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, सटीकता पर जोर

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले में जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने मंगलवार को मुरौरा पंचायत के विस्कुरवा गांव पहुंचकर चल रहे सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घर–घर जाकर गणनाकारों के कार्य का जायजा लिया और भरे जा रहे प्रपत्रों की जांच की। निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जनगणना का कार्य पूरी पारदर्शिता और सटीकता के साथ किया जाए, ताकि भविष्य की योजनाओं के लिए सही आंकड़े उपलब्ध हो सकें। उन्होंने मौके पर मौजूद प्रगणकों से बातचीत कर कार्य की प्रगति जानी और आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए।

**मोबाइल ऐप से होगी पेपरलेस जनगणना**

अधिकारियों ने बताया कि भारत की जनगणना 2027 देश की 16वीं तथा स्वतंत्रता के बाद 8वीं जनगणना होगी। इस बार पूरी प्रक्रिया को पेपरलेस बनाते हुए मा. `बाइल ऐप के माध्यम से संपन्न कराया जा रहा है।

**दो चरणों में चल रहा कार्य**

जनगणना प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न होगी। पहला चरण 'मकान सूचीकरण' 2 मई से 31 मई 2026 तक चल रहा है, जबकि दूसरा चरण फरवरी 2027 में प्रस्तावित है।

**पहली बार स्वगणना की सुविधा**

इस बार नागरिकों को ऑनलाइन स्वगणना की सुविधा भी दी गई थी, जिसके तहत अप्रैल से 1 मई 2026 तक लोग स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सके। ऐसे मामलों में प्रगणक स्वगणना पहचान संख्या लेकर जमीनी स्तर पर उसका सत्यापन कर रहे हैं।




**घर–घर जुटाई जा रही जानकारी**

जिन परिवारों ने स्वगणना नहीं की है, उनसे प्रगणक सीधे जानकारी एकत्र कर रहे हैं। इसमें मकान की स्थिति, स्वामित्व, फर्श–दीवार–छत की गुणवत्ता, पेयजल का स्रोत, बिजली, शौचालय एवं रसोई से जुड़ी सुविधाओं की जानकारी शामिल है। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी सहित प्रगणक पल्लवी आनंद, मुशरत रिजवाना, पूजा कुमारी, सुमंत कुमार, अंकित कुमार एवं अंकज कुमार मौजूद रहे। वहीं पर्यवेक्षक के रूप में मनोज कुमार और गौतम कुमार ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनगणना कार्य को समयबद्ध और त्रुटिरहित तरीके से पूरा करने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।



# सूने घर में लाखों की चोरी, जेवरात समेत 11 लाख की संपत्ति पर हाथ साफ

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट इस्लामपुर (नालंदा)।** नालंदा जिले के इस्लामपुर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक सूने घर को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना रानीपुर पंचायत के मखदुमपुर गांव की है, जहां अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर करीब 11 लाख रुपये मूल्य के जेवरात और अन्य कीमती सामान चुरा लिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घर के मालिक अनिल कुमार की पत्नी आशा कुमारी इलाज के लिए पटना गई हुई थीं। इसी दौरान चोरों ने घर को सुनसान पाकर वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि चोर खिड़की के सहारे छत पर चढ़े और वहां से मकान के अंदर प्रवेश किया। इसके बाद उन्होंने कमरे का ताला तोड़ा और अंदर रखे बक्से को भी तोड़कर उसमें रखे आभूषण और कीमती सामान चोरी कर लिया। चोरी गए सामानों में सोने की दो चेन, दो कर्णफूल, दो लॉकेट, दो अंगूठियां समेत अन्य जेवरात शामिल हैं। पीड़ित परिवार के अनुसार, कुल नुकसान करीब 11 लाख रुपये का आंका गया है।पीड़िता आशा कुमारी ने स्थानीय थाना में लिखित आवेदन देकर बताया कि वह 4 मई को इलाज के लिए पटना गई थीं। मंगलवार को घर लौटने पर जब उन्होंने दरवाजा खोला, तो घर के अंदर का दृश्य देखकर स्तब्ध रह गईं। कमरे का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। घटना की सूचना मिलते ही इस्लामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा चोरों की पहचान के लिए सुराग जुटाए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# इस्लामपुर में हत्या के प्रयास मामले में पिता पुत्र गिरफ्तार, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट इस्लामपुर (नालंदा)।** नालंदा जिले के इस्लामपुर थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास से जुड़े एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पिता–पुत्र शामिल हैं, जिससे क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता को लेकर चर्चा तेज हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस्लामपुर थाना क्षेत्र के चन्धारी पंचायत अंतर्गत दानापुर गांव में 12 अप्रैल को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया था। देखते ही देखते यह विवाद हिंसक झड़प में बदल गया और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान कुछ ला. `गों को गंभीर चोटें भी आई थीं, जिसके बाद मामला और गंभीर हो गया। घटना के बाद इस्लामपुर थाना में कांड संख्या 144/2026 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें कई लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई थी और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही थी।इसी क्रम में पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई, जिसके आधार पर छापेमारी कर नामजद आरोपी लवकुश पांडेय और उनके पुत्र तन्नू पांडेय को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद दोनों से पूछताछ की जा रही है, ताकि घटना से जुड़े अन्य तथ्यों का पता लगाया जा सके। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस सतर्क है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# अधिकार पहचानें, सम्मान से जिएं- नगरनौसा की जनता को जागरूकता का संदेश

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड में आम जनता को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने को लेकर एक संदेश तेजी से चर्चा में है। इस संदेश में नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने अधिकारों को पहचानें और सरकारी तंत्र के प्रति सजग रहें। संदेश में कहा गया है कि सरकारी कार्यालय जनता के हैं, इसलिए वहां जाने के दौरान लोगों को आत्मसम्मान के साथ अपनी बात रखनी चाहिए। यदि किसी प्रकार का अनादर होता है, तो लिखित शिकायत कर वरीय अधिकारियों को अवगत कराने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि पदाधिकारी जनता के सेवक होते हैं, मालिक नहीं। यदि कोई अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग करता है या अहंकार दिखाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी तरीके–जैसे सूचना का अधिकार (RTI) और जन शिकायत–का सहारा लेना चाहिए।संदेश में नागरिकों को चापलूसी छोड़कर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने की बात कही गई है। लोगों से आग्रह किया गया है कि वे सवाल पूछें और जवाब मांगें, जिससे लोकतंत्र मजबूत हो सके। इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि पद और कुर्सी स्थायी नहीं होते, जबकि जनता हमेशा रहती है। इसलिए सरकार और प्रशासन को जनता के प्रति जवाबदेह बनाने के लिए नागरिकों का जागरूक होना आवश्यक है। अंत में लोगों से अपील की गई है कि वे कानून की जानकारी प्राप्त करें, अपने अधिकारों को समझें और किसी भी अन्याय के खिलाफ कानूनी तरीके से आवाज उठाएं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी स्थिति में कानून को अपने हाथ में न लें, बल्कि वैधानिक प्रक्रिया के तहत ही संघर्ष करें।

